प्रेषक,

आनन्द कुमार त्रिपाठी,
संयुक्त सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,
उ0प्र0, लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-1 लखनऊः दिनांक 31 मार्च, 2026

विषयः- वित्तीय वर्ष 2025-26 में अनुदान संख्या-31 के अन्तर्गत मानक मद-26 मशीने और सज्जा/उपकरण एवं संयत्र मद में शासनादेश दिनांक 20.05.2025 द्वारा राजकीय मेडिकल कालेज, बदायूँ में उपकरणों के क्रय हेतु अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष बचत की धनराशि से अन्य उपकरणों के क्रय के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-एम0ई0/पर्चेज(उपकरण)/2025-26/1329, दिनांक 23.01.2026 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा राजकीय मेडिकल कालेज, बदायूँ हेतु शासनादेश दिनांक 20.05.2025 द्वारा मानक मद-26 में अनुमोदित धनराशि रू0 300.00 लाख के सापेक्ष रू0 2,64,07,573.00 धनराशि का उपयोग किये जाने के उपरान्त अवशेष धनराशि रू0 35,92,427.00 में से रू0 35,00,000.00 से अतिरिक्त उपकरणों के क्रय की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया गया है।

2- अवगत कराना है कि शासनादेश संख्या-106/2025/1/967382/2025-71-1002(002)/ 23/2022, दिनांक 20.05.2025 द्वारा राजकीय मेडिकल कालेज, बदायूँ में उपकरणों के क्रय हेतु रू0 300.00 लाख की धनराशि अवमुक्त की गयी है।

3- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में उपरिसन्दर्भित शासनादेश दिनांक 20.05.2025 द्वारा राजकीय मेडिकल कालेज, बदायूँ में उपकरणों के क्रय हेतु अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष उपकरणों के क्रय के उपरांत अवशेष धनराशि रू0 35,92,427.00 के सापेक्ष संलग्न उपकरणों, (लागत **रू0** 35,00,000.00 **(रू0 पैंतीस लाख मात्र)** के क्रय की अनुमति इस शर्त के साथ प्रदान की जाती है कि क्रय प्रकिया एवं वित्तीय नियमों, शर्तों व प्रतिबंधों के अधीन ही प्रश्नगत राशि का व्यय किया जाये। किसी भी अनियमितता की स्थिति में संबंधित प्रधानाचार्य व क्रय प्रक्रिया से जुड़े अधिकारी/कर्मचारी उत्तरदायी होंगे।

4- शासनादेश संख्या-106/2025/1/967382/2025-71-1002(002)/23/2022, दिनांक 20-05-2025 में उल्लिखित शर्ते/प्रतिबन्ध यथावत् रहेगी।

भवदीय,

आनन्द कुमार त्रिपाठी
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-उपरोक्त तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
2. महालेखाकार, (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
3. वित्त नियंत्रक, महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
4. प्रधानाचार्य, राजकीय मेडिकल कालेज, बदायूँ।
5. वित्त नियंत्रक, राजकीय मेडिकल कालेज, बदायूँ।
6. वरिष्ठ कोषाधिकारी, बदायूँ।
7. नियोजन अनुभाग-4/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2
8. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-3
9. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

आनन्द कुमार त्रिपाठी
संयुक्त सचिव

संलग्नक-

क्र0सं0	विभाग का नाम	उपकरण का नाम	मात्रा	प्रति नग अनुमानित मूल्य	कुल अनुमानित मूल्य
1.	Surgery	Multipara Monitor	6	150000.00	9,00,000.00
2.	Surgery	Electrocautery Machirre	2	500000.00	10,00,000.00
3.	Surgery	Vessel Sealing System	1	1000000.00	10,00,000.00
4.	Anatomy	Embalming Machine	4	100000.00	4,00,000.00
5.	Surgery	Section Machine	1	50000.00	50,000.00
6.	TB & Chest	Section Machine	1	50000.00	50,000.00
7.	Orthopedic	Section Machine	2	50000.00	1,00,000.00
				Total Amount	35,00,000.00

आनन्द कुमार त्रिपाठी
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।